कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

पत्रांक -डी0आई0सी0/2021/541, दिनांक - 10.03.2021

सूचना

विश्वविद्यालय की बी0एड0 पाठ्यक्रम-2020 में प्रवेश हेतु रिक्त सीटों के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि बी0एड0 पाठ्यक्रम में द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया में सम्मिलित हुए ऐसे समस्त अभ्यर्थी जिनके द्वारा परिसर/महाविद्यालय/संस्थानों में आवेदन पत्र जमा किया गया है किन्तु वरीयता सूची में न आने के कारण उन्हें द्वितीय चरण में रिक्त सीटों के सापेक्ष प्रवेश अनुमन्य नहीं हो पाया, ऐसे समस्त अभ्यर्थियों को सम्बन्धित परिसर/महाविद्यालय/संस्थानों के स्तर पर परिसर/महाविद्यालय/संस्थानों में उपलब्ध आवेदन पत्रों के आधार पर दिनांक 12-03-2021 को वरीयता/प्रतीक्षा सूची (Merit/Waiting List) घोषित करने के पश्चात दिनांक 15-03-2021 तक वरीयता क्रम के आधार पर रिक्त सीटों के सापेक्ष प्रवेश सुनिश्चित किये जायेंगे। इसके अतिरिक्त यदि कतिपय परिसर/महाविद्यालय/संस्थानों में दिनांक 15-03-2021 तक सम्पन्न करायी गयी प्रवेश प्रक्रिया के पश्चात भी बी0एड0 पाठ्यक्रम में सीटें रिक्त रह जाती हैं तो सम्बन्धित परिसर/महाविद्यालय/संस्थानों द्वारा ऐसी रिक्त सीटों के सापेक्ष तृतीय चरण की काउन्सिलिंग प्रक्रिया के माध्यम से प्रवेश सुनिश्चित किये जायेंगे। बी0 एड0 प्रवेश परीक्षा-2020 में उत्तीर्ण समस्त अभ्यर्थियों से दिनांक 16 मार्च, 2021 से 17 मार्च, 2021 तक परिसर/महाविद्यालय/संस्थान स्तर पर बी0 एड0 पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु पुनः आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जा सकते हैं। परिसर/महाविद्यालय/संस्थानों द्वारा दिनांक 18-03-2021 को ऐसे अभ्यर्थियों की वरीयता/प्रतीक्षा सूची (Merit/Waiting List) घोषित करने के उपरान्त दिनांक 19-03-2021 एवं 20-03-2021 को तृतीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया सम्पादित करायी जायेगी। ऐसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा विश्वविद्यालय के पोर्टल के माध्यम से काउंसिलिंग ऑनलाईन शुल्क रू0 500/- प्रति अभ्यर्थी जमा नहीं किया गया हैं, ऐसे समस्त अभ्यर्थियों का काउंसिलिंग शुल्क परिसर/महाविद्यालय/संस्थानों में डिमाण्ड-ड्राफ्ट के माध्यम से जमा कराया जायेगा। उक्त प्रवेश प्रक्रिया हेतु केवल वहीं अभ्यर्थी अर्ह होंगे जिन्होंने कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल द्वारा आयोजित बी0एड0 प्रवेश परीक्षा-2020 उत्तीर्ण (Qualify) की है। उक्त प्रक्रिया का विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.kunainital.ac.in से प्राप्त किया जा सकता है।

10/03/2021

निदेशक, डी0 आई0 सी0

पृष्ठांकन सं0 - डी0आई0सी0/2021/541, तद्दिनांक

प्रतिलिपि- निम्नांकित समाचार पत्रों के सम्पादकों को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र के उत्तराखण्ड संस्करण में छात्रहित एवं जनहित में समाचार के रूप में दिनांक - 11 मार्च, 2021 को निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें -

- दैनिक जागरण, नैनीताल।
- अमर उजाला, नैनीताल।
- हिन्दुस्तान, नैनीताल।
- दैनिक आज, नैनीताल।
- राष्ट्रीय सहारा, नैनीताल।
- उत्तरांचल दीप, नैनीताल।
- उत्तर उजाला, नैनीताल।
- शाह टाइम्स, नैनीताल।
- न्यूज प्रिन्ट, नैनीताल।
- परीक्षा नियन्त्रक, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
- निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

10/03/2021

निदेशक, डी0 आई0 सी0